5/2/25
दैनिक सवेरा

# कैंसर की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार कर रही व्यापक प्रयास : आरती सिंह राव

## पंचकूला में राज्य स्तरीय सैमीनार आयोजित



विश्व कैंसर दिवस पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सैमीनार में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल को स्मृति चिन्ह देते हुए स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक।

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 4 फरवरी : राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसके इलाज के लिए एक सशक्त और समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। राज्य में दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले कैंसर के मरीजों को भी इलाज की सुविधा पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक होने का सँदेश दिया। पंचकूला में कैंसर दिवस पर राज्य स्तरीय सेमभ्नार भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा रोडवेज की बसों में कैंसर के मरीजों को फ्री यात्रा और पेंशन की सुविधा दी है। इसके तहत वर्ष 2024-25 में ऐसे मरीजों के लिए 9408 पास जारी किए गए हैं और 3428 मरीजों को मासिक पेंशन दी गई है। विश्व कैंसर दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता रैलियों, सैमीनारों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके जागरूक किया जा रहा है।

### तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए कुछ जरूरी उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इनसे दूर रहकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज से भरपूर आहार लेना चाहिए। प्रोसेस्ड और रेड मीट के सेवन से बचना चाहिए। प्रतिदिन फिजीकल एक्टिविटी व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित व्यायाम करने से कैंसर का खतरा कम होता है। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि अंबाला कैंट में स्थापित अटल कैंसर अस्पताल हरियाणा के अलावा पड़ोसी राज्यों के रोगियों को भी उच्चतम स्तर की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इसके अलावा पीजीआईएमएस रोहतक, नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट झज्जर और 05 कैंसर डे-केयर सेंटरों पर भी कैंसर मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग स्कीम के तहत लगभग 75 लाख लोगों की कैंसर के लिए प्राथमिक जांच की जा चुकी है।

### कैंसर के बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को कैंसर से बचाव के लिए प्रारंभिक जांच करवाने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक करना है। इस बार वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है बल्कि यह एक लड़ाई है। जिसे लोगों के साथ मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ फैंकना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हर व्यक्ति कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दे सकता है।

DS

दैनिक सवेरा

# धूम्रपान न करने वालों में भी बढ़ रहे फेफड़ों के कैंसर के मामले, वायु प्रदूषण प्रमुख कारण : अध्ययन

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 4 फरवरी : कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और इसका प्रमुख कारण संभवतः वायु प्रदूषण है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन विश्व कैंसर दिवस पर 'द लांसेट रेस्पिरेटरी मैडीसिन जर्नल' में मंगलवार को प्रकाशित हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) सहित अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने 4 उपप्रकारों - 'एडेनोकार्सिनोमा' (ग्रंथि कैंसर), 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा' (त्वचा कैंसर), छोटे और बड़े 'सेल कार्सिनोमा' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर फेफड़ों के कैंसर के मामलों का अनुमान लगाने के मकसद से 'ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी 2022 डेटासेट' सहित अन्य 'डेटा' का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि एडेनोकार्सिनोमा (ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों में शुरू होता है) पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रमुख उपप्रकार बन गया है। इसके साथ ही 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वालों में फेफड़े के कैंसर के 53-70 प्रतिशत मामले इसी उप-प्रकार के पाए गए।

## फेफड़ों का कैंसर मौतों के प्रमुख कारणों में से एक



शोधकर्ताओं ने लिखा कि विश्व भर के कई देशों में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी कभी धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों में फेफड़े के कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। आईएआरसी में कैंसर निगरानी शाखा के प्रमुख फ्रैडी ब्रे ने कहा कि धूम्रपान की आदतों में बदलाव और वायु प्रदूषण के संपर्क में आना फेफड़े के कैंसर के जोखिम के मुख्य निर्धारकों में से हैं। फेफड़ों का कैंसर आज कैंसर से संबंधित मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है।

DS

5/2/25
अमर उजाला



सेक्टर-1 पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कैंसर दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में शिरकत करतीं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व अन्य। संवाद

# दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले कैंसर मरीजों को भी देंगे मुफ्त इलाज

## राज्य की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह ने कैंसर दिवस पर आयोजित सेमिनार में दी जानकारी

माई सिटी रिपोर्टर

पंचकूला। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है।

इसके इलाज के लिए एक सशक्त और समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। राज्य में दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले कैंसर के मरीजों को भी इलाज की सुविधा पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को पंचकूला के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कैंसर दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से रोडवेज की बसों में कैंसर के मरीजों को फ्री यात्रा और पेंशन की सुविधा दी गई है। वर्ष 2024-25 में ऐसे मरीजों के लिए 9408 पास जारी किए गए और 3428 मरीजों को मासिक पेंशन दी गई है। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में जागरूकता रैलियों, सेमिनारों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**75 लाख लोगों की कैंसर के लिए प्राथमिक जांच की गई:** स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि अंबाला कैंट में स्थापित अटल कैंसर अस्पताल हरियाणा के अलावा पड़ोसी राज्यों के रोगियों को भी उच्चतम स्तर की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इसके अलावा पीजीआईएमएस रोहतक, नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट झज्जर और 5 कैंसर डे-केयर सेंटरों पर भी कैंसर मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। पॉपुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग स्कीम के अंतर्गत लगभग 75 लाख लोगों की कैंसर के लिए प्राथमिक जांच की जा चुकी है।

इस मौके पर पंचकूला के डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर ने भी कैंसर से बचाव के लिए अपनी बातें रखीं।


पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कैंसर दिवस पर आयोजित सेमिनार में मौजूद लोग। संवाद

### जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए मिलकर लड़ना होगा

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल ने बताया कि इस बार वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों के साथ मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ फेंकना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हर व्यक्ति कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दे सकता है।

### तंबाकू व शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारण

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए कुछ जरूरी उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इनसे दूर रहकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फल, सब्जियां और साबूत अनाज से भरपूर आहार लेना चाहिए। प्रोसेस्ड और रेड मीट के सेवन से बचना चाहिए। प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित व्यायाम करने से कैंसर का खतरा कम होता है।

AV

05/2/25

दैनिक जागरण

# कैंसर की रोकथाम के लिए सरकार कर रही व्यापक प्रयास : आरती सिंह

**जागरण संवाददाता, पंचकूला :** स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है।

इसके इलाज के लिए एक सशक्त और समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। राज्य में दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले कैंसर के मरीजों को भी इलाज की सुविधा पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक होने का संदेश भेजा, जोकि कार्यक्रम में सुनाया गया। पंचकूला में मंगलवार को कैंसर दिवस राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रोडवेज की बसों में कैंसर के मरीजों को फ्री यात्रा तथा पेंशन की सुविधा दी गई है। इसके तहत वर्ष 2024-25 में ऐसे मरीजों के लिए 9408 पास जारी किए गए और 3428 मरीजों को मासिक पेंशन दी गई है। उन्होंने बताया कि आज विश्व कैंसर दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता रैलियों, सेमिनारों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए कुछ जरूरी उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इनसे दूर रहकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज से भरपूर आहार लेना चाहिए। प्रोसेस्ड और रेड मीट के सेवन से बचना चाहिए। प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित व्यायाम करने से कैंसर का खतरा कम होता है।



कैंसर दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सेमिनार में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी • जागरण

पंचकूला में राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित, प्रदेशभर में जागरूकता रैलियों, सेमिनारों और स्वास्थ्य शिविरों से जागरूक किया जा रहा

## अम्बाला कैंट में अटल कैंसर अस्पताल स्थापित

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि अम्बाला कैंट में अटल कैंसर अस्पताल स्थापित किया जा चुका है, जिसमें हरियाणा के अलावा पड़ोसी राज्यों के रोगियों को भी उच्चतम स्तर की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, पीजीआइएमएस रोहतक, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट झज्जर और 5 कैंसर डे-केयर सेंटरों पर भी कैंसर मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग स्कीम के अंतर्गत लगभग 75 लाख लोगों की कैंसर के लिए प्राथमिक जांच की जा चुकी है।

## स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक करना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डा. मनीष बंसल ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को कैंसर से बचाव के लिए प्रारंभिक जांच करवाने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार "वर्ल्ड कैंसर डे" की थीम "यूनाइटेड बाय यूनिक" है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों के साथ मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ फेंकना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हर व्यक्ति कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दे सकता है।

DJ